विज्ञापन सं. ए-12011/3/2023- स्था.-डीबीटी[ई-19103]
भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

ब्लॉक – 2, 8 वां तल,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली -110003

दिनांक: जुलाई, 2024

## रिक्ति परिपत्र

बायोटेक्नोलॉजी विभाग **सहायक प्रबंधक-सह-स्टोर कीपर** (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'सी' अराजपत्रित, अननुसचिवीय), सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर 4 (25500-81100 रुपये) (कैंटीन में डयूटी पर जाने के लिए 375/-रूपये प्रतिमाह के विशेष भत्ते के साथ) के वेतन मैट्रिक्स में 01 (एक) रिक्त पद को **प्रतिनियुक्ति आधार पर** भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

2. उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है की वे बायोटेक्नोलॉजी विभाग की वेबसाइट www.dbtindia.gov.in → What's New → Vacancies में दिए गए विस्तृत रिक्ति परिपत्र के अनुसार निर्धारित परिपत्र में ही आवेदन करें। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 18.09.2024 है।

3. उचित माध्यम से अग्रेषित ना किये जाने वाले अथवा अपेक्षित प्रमाण पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज के बिना अग्रेषित आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख पात्रता निर्धारित करने की नियत तारीख मानी जाएगी।

**- ह. -**

**(दीपक शर्मा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

**फाईल सं. ए- 12011/3/2023-स्था-डीबीटी[19103]**
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

ब्लॉक सं. 2, 8वां तल,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली - 110003

दिनांक : 27 दिसंबर, 2023

रिक्ति परिपत्र

**विषय: बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागीय कैंटीन में सहायक प्रबंधक-सह-स्टोर कीपर (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'सी' अराजपत्रित, अननुसचिवीय), सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4 (25500-81100 रुपये) के रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध में।**

बायोटेक्नोलॉजी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, की विभागीय कैंटीन में **सहायक प्रबंधक-सह-स्टोर कीपर** (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'सी' अराजपत्रित, अननुसचिवीय), सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर 4 (कैंटीन में डयूटी पर जाने के लिए 375/-रूपये प्रतिमाह के विशेष भत्ते के साथ) के वेतन मैट्रिक्स (25500-81100 रुपये) में 01 (एक) रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है।

2. **पात्रता शर्तें : प्रतिनियुक्ति :- केंद्र सरकार के अधीन वे अधिकारी**

क) जो **नियमित आधार** पर सदृश पद पर हो,

**या**

वेतन मैट्रिक्स के स्तर-02 (19900-63200 रुपये) में **कम से कम आठ साल की नियमित सेवा** की हो ;

(ख) निम्नलिखित **शैक्षिक अर्हता** और **अनुभव** रखता हो:

i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक के साथ बुक कीपिंग या स्टोर कीपिंग में एक वर्ष का डिप्लोमा

ii) अनुभव – स्टोर या लेखा-जोखा को संभालने में सरकारी विभाग या उपक्रम में तीन वर्ष का अनुभव।

**नोट 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**नोट 2:** फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति के सीधे क्रम में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी तरह , प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति आधार पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

**नोट 3:** प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, 1 जनवरी, 2016 या वह दिनांक जिससे 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर वेतनमान में संशोधन किया गया है, में की गई सेवा को पिछले वेतन स्तर/ग्रेड वेतन में दी गई सेवा के रूप में विचार किया जाएगा। वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संबंधित वेतन स्तर/ग्रेड वेतन या वेतनमान में प्रदान की जाने वाली सेवा को छोड़कर, जहां एक ग्रेड में एक सामान्य ग्रेड वेतन या वेतन के साथ एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतन का कोई विलय हुआ है और जहां यह लाभ केवल उन पदों के लिए विस्तारित होगा जिनके लिए वेतन स्तर/ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है।

**3. सहायक प्रबंधक-सह-स्टोर कीपर (कैंटीन) के पद से जुड़े कार्यों और जिम्मेदारियों की सूची :-**

क) सभी कच्चे माल की खरीद और प्राप्ति।

ख) खाने-पीने की चीजों को तैयार करने के लिए आवश्यकतानुसार सहायक हलवाई-सह-रसोइया/हलवाई-सह-रसोईया या रसोई कर्मचारियों को कच्चा माल जारी करना

ग) स्टोर वस्तुओं एवं कच्चे माल का प्रभारी

घ) स्टॉक मदों का लेखा-जोखा उचित तरीके से रखना

ड.) लेखा रिकॉड ग्राउंड बैलेंस के अनुसार समान को ठीक रखने के लिए जिम्मेदार

च) सामग्री खोने की हानि/क्षति के लिए जिम्मेदार तथा

छ) कैंटीन के प्रभारी द्वारा आबंटित कोई अन्य अतिरिक्त कार्य

**4. <u>वेतन का विनियमन और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तें</u>:**

चयनित उम्मीदवार का वेतन समय-समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था.(वेतन II) दिनांक 17.06.2010 में निहित प्रावधानों के तहत विनियमित किया जाएगा।

**5. <u>आयु सीमा</u> :**

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं** होगी।

**6. <u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u> :**

प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित **सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

**7.** निर्धारित प्रपत्र में केवल उन पात्र उम्मीदवारों के आवेदन (दो प्रतियों में) (अनुलग्नक - I), जिन्हें चयन के पश्चात तत्काल सेवामुक्त किया जा सके, अग्रेषण अधिकारी (प्रपत्र अनुलग्नक- II में) से प्राप्त प्रमाण पत्र निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ **"श्री दीपक शर्मा, अवर सचिव (स्थापना), बायोटेक्नोलॉजी विभाग, कमरा संख्या 806, 8वां तल, ब्लॉक -2, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003"** रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर भिजवा दें। निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद प्राप्त होने वाले या उचित माध्यम से अग्रेषित न किए गए या अपेक्षित प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
(ii) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियों की सूची, यदि कोई हो, (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो एक 'शून्य' प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए)
(iii) सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र
(iv) पिछले पांच वर्षों के लिए एपीएआर की सत्यापित फोटोकॉपी (प्रत्येक पृष्ठ किसी अधिकारी जो भारत सरकार के अवर सचिव स्तर से कम न हो, द्वारा सत्यापित हो।)

8. निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद प्राप्त होने वाले या उचित माध्यम से अग्रेषित न किए गए या अपेक्षित प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।

9. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **अधिक जानकारी और आवेदन पत्र हेतु निर्धारित प्रपत्र के लिए, डीबीटी की आधिकारिक वेबसाइट https://dbtindia.gov.in/whats-new/vacancies का अवलोकन करें।**

संलग्न : अनुलग्नक - I एवं अनुलग्नक - II

दीपक
27/12/2023

**(दीपक शर्मा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

प्रति :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग के इस अनुरोध के साथ कि वे अपने संबंधित प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत कर्मचारियों के बीच रिक्ति परिपत्र का व्यापक प्रचार करें।

2. कैंटीन निदेशक, डीओपीटी, खान मार्केट, नई दिल्ली-110001

3. अवर सचिव (सीएस -1), डीओपीटी- डीओपीटी की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के अनुरोध सहित

4. एनआईसी सेल डीबीटी, डीबीटी की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के अनुरोध सहित।

**अनुलग्नक - I**

**प्रतिनियुक्ति के आधार पर बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागीय कैंटीन में सहायक प्रबंधक-सह-स्टोर कीपर के पद पर आवेदन करने के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम और डाक पता (स्पष्ट अक्षरों में) मोबाइल नंबर के साथ | : | |
| 2. | पिता का नाम | : | |
| 3. | जन्मतिथि | : | |
| 4. | आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु | : | |
| 5. | केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | : | |
| 6. | वर्तमान विभाग/संवर्ग का नाम और पता | : | |
| 7. | शैक्षणिक योग्यता | : | |
| 8. क) | क्या आप वर्तमान संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सद्दश पद धारण करते हैं?; या | : | |
| ख) | क्या पे मैट्रिक्स (19900-63200 रूपये) में पे लेवल-2 में कम से कम आठ वर्ष की नियमित सेवा रखते है? | : | |
| ग) | क्या आपने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीकॉम पास किया है? | : | |
| घ) | क्या आपके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होने के साथ-साथ बुक कीपिंग या स्टोर कीपिंग में एक वर्ष का डिप्लोमा है? | : | |
| ड.) | क्या आपके पास सामग्रियों या लेखा-जोखा को संभालने में सरकारी विभाग/उपक्रम में तीन वर्ष का अनुभव है? | : | |

9. कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का विवरण (केंद्र सरकार की सेवा में प्रवेश लेने की तारीख से शुरू)। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| कार्यालय/विभाग | धारित पद | सेवा की अवधि | | मूल वेतन (पूर्व-संशोधित) | | | सातवें सीपीसी पे मैट्रिक्स के अनुसार मूल वेतन और स्तर | नियुक्ति की प्रकृति नियमित/तदर्थ/प्रति नियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | पे-बेंड | कुल वेतन | मूल वेतन | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति, अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायी | : | |
| 11. | यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति आधार पर है तो कृपया बताएं | | |
| क) | प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | : | |
| ख) | प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि | : | |
| ग) | मूल कार्यालय/संस्थान का नाम जिससे संबंधित है | : | |

12. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहेंगे। (यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से एक शीट संलग्न करें)।

13. नाम और टेलीफोन नंबर के साथ अग्रेषण प्राधिकारी का पूरा डाक पता:

दिनांक : ................

स्थान : ...............

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

(उम्मीदवार का नाम)

**अनुलग्नक - II**

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र)**

1) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ................................. द्वारा प्रस्तुत किया गया विवरण सही है और इसे कार्यालय रिकॉर्ड से सत्यापित कर लिया गया है।

2) आवेदक का चयन होने पर उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

3) यह प्रमाणित किया जाता है कि :

   I) श्री/श्रीमती................................................................ के विरुद्ध कोई भी सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

   II) इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

   III) इनके सीआर डोजियर मूल रूप से संलग्न है/पिछले 5 वर्षों के सीआर/एपीएआर की फोटोकॉपी भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हैं। (जब भी लागू हो).

   IV) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई दीर्घ/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है।

संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर :.....................................

पदनाम :.....................................

पूरा पता :.....................................

:.....................................

दूरभाष सं.. :.....................................

कार्यालय मोहर :.....................................

स्थान :

दिनांक :

संलग्नकों की सूची :